हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 जून 2024

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 नए कानूनों की जानकारी आवश्यक: कलेक्टर



12 नर्रा में आयुष्मान आरोग्य उपस्वास्थ्य केंद्र का हुआ ...





## खबर संक्षेप

### कार में तोड़फोड़ कर युवक से मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में कार में तोड़फोड़ करने करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पिलू कोसले उर्फ इंद्रजीत व उसके तीन साथियों ने प्रार्थी ईशान चंद्राकर पिता अजय चंद्राकर (23 साल) के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया और उसकी कार में तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम अछोली में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी टीकम बघेल पिता बबलू (24 साल) के साथ गांव के ही दिनेश खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** ग्राम तुसदा के एक बुजुर्ग व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खल्लारी पुलिस ने बताया कि संतराम ध्रुव पिता दुल्लू राम (62 साल) की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

**राहत : पांच साल चला संघर्ष, किसानों को अब मिला न्याय**

# मिलर की संपत्ति नीलाम कर किया किसानों के बकाया का भुगतान





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान खरीद सैकड़ों किसानों को भुगतान नहीं किए जाने के मामले में प्रशासन द्वारा संबंधित मिलर की अचल संपत्ति नीलाम कर किसानों को उनके बकाया राशि का भुगतान मंडी परिसर में किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी किसानों को 9 मई को 79 प्रतिशत देय राशि का भुगतान किया गया। शेष 21 प्रतिशत की राशि का भुगतान शुक्रवार को किया गया। भुगतान किए गए राशि 32,73,222 रुपए को मिलाकर कुल 1,55,86,770 रुपए की राशि किसानों को भुगतान किया गया। इस तरह किसानों उनका शत प्रतिशत भुगतान किया जा चुका।

बता दें कि महामाया एग्रोटेक एवं साईं कृपा राइस मिल के संचालक तेजप्रकाश चंद्राकर द्वारा वर्ष 2017-18 में किसानों से धान खरीदी करने के बाद 57 किसानों को 15586770 रुपए राशि का भुगतान नहीं किया गया। जिसके खिलाफ किसानों ने धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन से भुगतान दिलाने मांग की मांग की। पांच साल चले लंबे संघर्षों एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशन तथा कृषि उपज मंडी बोर्ड रायपुर के आदेश 08 अक्टूबर 2021 के परिपालन में तेजप्रकाश चंद्राकर द्वारा संचालित महामाया एग्रोटेक की नीलामी 12930000 रुपए में हुई। जिसमें से 12313548 रुपए अर्थात 79 प्रतिशत राशि का भुगतान किसानों को किया गया तथा बाकी राशि के लिए 28 फरवरी 2024 को तेजप्रकाश चंद्राकर की स्वामित्व वाली ग्राम बनसिवनी पहनं 29 स्थित 11 एकड़ कृषि भूमि की नीलामी एक करोड़ पांच लाख रुपए में की गई। जिससे किसानों को 21 प्रतिशत बकाया राशि बत्तीस लाख तिरहत्तर हजार दो सौ बाइस रुपए का भुगतान सम्पूर्ण रूप से किया गया।

### किसानों को मिला न्यायः जागेश्वर



उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं किसान भुगतान संघर्ष समिति के संयोजक जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव तेजराम विद्रोही ने कहा कि किसानों को बाकी राशि के भुगतान के लिए कृषि उपज मंडी सभागार में 28 जून शुक्रवार को बैठक रखी गई। जिसमें समस्त भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों की उपस्थिति में रामलाल साहू मंडी सचिव महासमुंद द्वारा किसानों को बकाया राशि का चेक भुगतान किया गया।

### नीलामी से प्राप्त राशि से हुआ किसानों को भुगतान : तहसीलदार

प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पंडा ने बताया कि फर्म महामाया एग्रो टेक एवं साईकृपा राईस मिल के प्रोप्राइटर तेजप्रकाश चंद्राकर के अचल संपति की नीलामी उपरांत प्राप्त राशि को संबंधित कृषकों को कृषि उपज मंडी समिति द्वारा भुगतान किया गया।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में भारतीय किसान यूनियन जिला गरियाबंद के संयोजक मदनलाल साहू, पवन चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, शंकर चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर, रूपन चंद्राकर, खुम्मन सिन्हा, त्रिभुवन साहू, भरत चंद्राकर, कौतिक मणि चंद्राकर, जवाहर चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू आदि कृषि उपज मंडी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


# पिछले सत्र में बने स्कूली विद्यार्थियों के 60 हजार से ज्यादा जाति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप लोक सेवा प्रदाय प्रणाली को प्रभावी एवं सरल बनाने के लिए सुशासन की दिशा में अभिनव प्रयास किए जा रहे है। जाति प्रमाण पत्र प्रदाय अभियान के तहत स्कूल के छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक पढ़ने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के मामले में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष रूचि लेते हुए सभी स्कूलों में विशेष अभियान चलाया गया। फलस्वरूप पिछले एक सत्र में ही 60 हजार 148 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाया गया, जो सम्भवतः प्रदेश में सर्वाधिक है। कलेक्टर मलिक ने कहा कि हम सभी को शासकीय कामकाज और अन्य कारणों से जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता हमेशा होती है, जिसके लिए लोग भटकते रहते हैं। इसलिए स्कूलों को इकाई मानकर जाति प्रमाण पत्र बनाने की पहल किया गया। जिसके कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की जाति प्रमाण पत्र बने। अध्ययन के दौरान ही बच्चों की जाति प्रमाण पत्र बनने से उन्हें और पालकों को जाति प्रमाण पत्र बनाने भटकना नहीं पड़ेगा। स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए बच्चों से जाति प्रमाण पत्र से संबंधित शासकीय अभिलेख जैसे अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में 1984 के पूर्व का दस्तावेज तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मामले में 1950 के पूर्व का दस्तावेज जैसे दाखिल खारिज या मिशल, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय संरपच या पार्षद से प्रमाण पत्र लेकर प्राचार्य द्वारा फॉर्म भरा जाता है। प्राचार्य द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को भेजा जाता है। बीईओ द्वारा दस्तावेज स्कैन कर ऑनलाइन तहसीलदार को प्रेषित किया जाता है। समस्त दस्तावेज पूर्ण होने पर अस्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। 6 माह पश्चात



अनुविभागीय अधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। यदि किसी विद्यार्थी के पास शासकीय अभिलेख उपलब्ध नहीं हो तो ग्राम सभा का प्रस्ताव पारित कर व निर्धारित प्रारूप में फॉर्म भरकर सचिव द्वारा दिया जाता है। जिसे पुनः विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तहसीलदार को प्रेषित करते हैं। जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर ने बताया कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जाति प्रमाण पत्र बनाने जिले में सघन अभियान चलाया गया। इस तरह वर्तमान स्थिति में महासमुंद विकासखण्ड में 18,831 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। वहीं बागबाहरा में 15846, पिथौरा में 5853, बसना में 6271 एवं सरायपाली में 13,347 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। जो एक सत्र में बनाए गए सर्वाधिक जाति प्रमाण पत्र है। कई विद्यार्थियों को उनके घर में जाकर जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। संकुल समन्वयक जागेश्वर सिन्हा ने बताया कि महासमुंद ब्लॉक में तीन स्कूलों में सभी विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। जिसमें मिडिल स्कूल बृजराज पाठशाला, मिडिल स्कूल मालीडीह, नयापारा (बेमचा) और बकमा शामिल है। इस विशेष उपलब्धि के लिए प्रधान पाठकों को सम्मानित भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य स्कूलों में भी शत प्रतिशत विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया जारी है।









## खबर संक्षेप

### कोसमपाली में बिजली करंट लगने से मौत

**महासमुंद।** ग्राम कोसमपाली के एक व्यक्ति की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम कोसमपाली निवासी मुरलीधर साहू पिता भुवनेश्वर साहू (55 साल) बिजली करंट लगने से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### आकाशखार में महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने ग्राम आकाशखार में महुआ जब्त किया है। आरोपी सुरेश मंडल पिता ननकी मंडल (36 साल) निवासी पैकिन व एक अन्य व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए, बाइक को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युगल किशोर अपेक्स बैंक के जीएम नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के उपायुक्त युगल किशोर को प्रतिनियुक्ति पर अपेक्स बैंक में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। 24 जून को मंत्रालय से जारी आदेश के परिपालन में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

### चार प्राधिकरणों का पुनर्गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्राधिकरणों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण शामिल है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि हाल की में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्राधिकरणों के संबंध में निर्णय लिया गया था। सभी प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।

### विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल किए जाने पर कहा, कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर हो गया है। श्री कश्यप ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था, लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नहीं, सैम अंकल प्राथमिकता रखते हैं। पित्रोदा की बहाली ने कांग्रेस की उस विकृत राजनीतिक मानसिकता को भी साफ कर दिया है कि विरासत टैक्स, रंगभेद जैसे बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिशाना रणनीति के तहत दिए गए या दिलाए गए, और विवाद के चलते वोट बैंक के डैमेज कंट्रोल के लिहाज से पित्रोदा को हटाने का काम किया।

## चर्चा: लोकसभा चुनाव की समीक्षा और आगे कार्यक्रमों के लिए हुई बैठक

# कार्यकर्ताओं और संगठन शक्ति से बनी केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

लोकसभा चुनाव की समीक्षा और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर 27 जून को जिला भाजपा कार्यालय में विधानसभा कोर ग्रुप और समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा प्रदेश महामंत्री व प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुई।

बैठक के पूर्व प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू सहित मंचस्थ अतिथियों द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक की प्रस्तावना कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने रखी। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि हर चुनावों की परिस्थितिया अलग अलग होती है। छग की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए जो जनादेश दिया है वो संपूर्ण विकसित भारत का आधार बनेगा। इस चुनाव पर हम सभी के साथ पूरे विश्व की नजरें भारतदेश पर बनी हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत देश ने राष्ट्रहित के मुद्दों के साथ, विकास और जनहित के कार्यों में ऐतहासिक उपलब्धियों को हासिल किया है, वो 3री बार मोदी के नेतृत्व में नए युग का नया अध्याय लिखेगा। विधानसभा के चारों मंडलों में सम्पन्न हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेने के साथ प्रदेश महामंत्री ने आने वाले पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण आवश्यक दिशानिर्देश कार्यकर्ताओं को प्रदान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन झलप पटेवा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल ने किया।



### यह रहे बैठक में उपस्थित

बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारियों में पवन वर्मा, निरंजना शर्मा, मंडल अध्यक्षगण सतपाल सिंघ पाली, श्याम साकरकर, धरम पटेल, सुधा साहू, प्रेम चंद्राकर, महेंद्र जैन, मीना वर्मा, सन्दीप घोष, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, हफीज कुरैशी, रमेश साहू, शंकर चंद्राकर, गोपाल वर्मा, प्रकाश शर्मा, दिनेश रूपरेला, हिमांशु चंद्राकर, मुन्ना साहू, आनंद गिरी, उत्तरा प्रहरे, राहुल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, संतोष वर्मा, महेंद्र सिका, सोमेश दावड़ा, शुभ्रा शर्मा, रविंद्र जैन, अभिषेक पांडे, गोपी कन्नोजे, गुड्डा सिन्हा, कुंदन साहू सहित बड़ी संख्या में कोर कमेटी और समन्वय समिति के अपेक्षित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत और विद्युत कार्यालय घेरेंगे कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व विधायक के नेतृत्व में विभिन्न मामलों को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को नगर पंचायत तुमगांव के कार्यालय एवं विद्युत वितरण केंद्र का घेराव किया जाएगा। थाना प्रभारी को सौंपे गए चेतावनी पत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि अनियमितताओं के साथ अघोषित विद्युत कटौती के चलते नपं कार्यालय एवं विद्युत वितरण केंद्र तुमगांव का घेराव होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए तुमगांव नगर पंचायत के कांग्रेसी पार्षद कृष्ण कुमार साहू ने बताया है कि क्षेत्र के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर के नेतृत्व में सोमवार समय दोपहर 12.00 बजे से 02.00 बजे के बीच सीसी नाली, तालाब, नल में गंदे पानी की आपूर्ति एवं अधिक जलकर के विरोध में नगर पंचायत तुमगांव कार्यालय का घेराव किया जाएगा। नगर में पिछले कई दिनों से लगातार 8-8 घण्टे अघोषित विद्युत कटौती होने के कारण आम जनता, किसान, मजदूर, मरीज आदि आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कांग्रेसजनों द्वारा थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विभागीय कर्मियों से सम्पर्क करने पर गोल-मोल जवाब मिलता है। जिससे आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। इन समस्याओं के चलते कांग्रेस पार्टी के बेनर तले दोपहर 02 से 04 बजे के बीच बस स्टैण्ड तुमगांव से बिजली आफिस की ओर रैली निकाली जाएगी एवं विद्युत वितरण केन्द्र तुमगांव का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



# विकासखंड स्तरीय एफएलएन के तृतीय चरण का प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** राज्य शैक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार विकासखंड बागबाहरा में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण तृतीय चरण का समापन हुआ। ज्ञात हो कि विकासखंड बागबाहरा को तीन जोन में विभाजित कर प्रशिक्षण लिया जा रहा था। प्रशिक्षण में कुल 510 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें बागबाहरा को 3 जोन में विभाजित करके प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सत्र 2026- 27 तक बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। जिसके अंतर्गत शिक्षण विधियों में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं, इन परिवर्तनों में अब कक्षा एक से तीन तक के बच्चे अभ्यास पुस्तिका से कार्य करेंगे, शिक्षक सुगमकर्ता की भूमिका में होगा और वह शिक्षक मार्गदर्शिका की मदद से पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका पर कार्य करेंगे। अब आगामी समय में होने वाले शाला निरीक्षण भी इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए किया जाना है। प्रशिक्षण केवल राम टंडन विकासखंड स्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार वर्मा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके द्वारा शिक्षक की भूमिका पर भी बात की गई। साथ में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे द्वारा समय में शाला संचालन करने, मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता युक्त मिले, इन बातों पर ध्यान देने की बात कही गई। बागबाहरा जोन से प्रभारी विजय कुमार साहू, सीएसी रुपेश कुमार साहू एवं शिक्षक रिंकल बग्गा, मामा भांजा जोन से सालिक राम साहू जोन प्रभारी, परमानंद निर्मलकर सीएसी एवं शिक्षक तोषण गिरी गोस्वामी और कोमाखान जोन से गैंदलाल यादव जोन प्रभारी, मोहिंदर सीएसी एवं शिक्षक पुष्कर पटेल मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका का निर्वहन कर रहे है। कार्यक्रम के एसआरजी डोमार दास वैष्णव हैं एवम प्रधानपाठक घनश्याम चक्रधारी का इस कार्यक्रम में उनका निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्रशिक्षण ब्लेंडेड मोड में पहले 5 दिवसीय ऑनलाइन फिर 4 दिवसीय ऑफलाइन आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से अभ्यास पुस्तिका पर कार्य कैसे करें, नवाजतन, जादुई पिटारा, ई जादुई पिटारा पर समझ बनाया जा रहा है।

# पुस्तक वितरण एवं मुंह मीठा कर मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच देव कुमार टंडन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य ने संस्था के विभिन्न गतिविधियों एवं प्रवेश लक्ष्य की जानकारी देते हुए नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पालकों तथा बच्चों से शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया। समिति सदस्य नामदेव साहू एवं सुंदर साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी बच्चे नियमित विद्यालय आने एवं अपने आसपास के सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर, विद्यालय अनुशासन का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने प्रेरित किया। संस्था के व्याख्याता प्रीति चंद्राकर ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय अनुशासन की जानकारी देते हुए नियमित विद्यालय एवं समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि देव कुमार टंडन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों का स्वागत करते हुए मन लगाकर विद्या अध्ययन करने एवं नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया एवं चॉकलेट तथा बूंदी वितरण कर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने किया। कार्यक्रम में समिति सदस्य सुंदर साहू, नामदेव साहू, भीखम साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, तोष कुमार साहू एवं स्टाफ सदस्य प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि दीवान, भुनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, नवीन समेत नवप्रवेशी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने श्री रामलला दर्शन अभियान समितियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे छत्तीसगढ़ के सभी रामसेवकों का गुरुवार शाम अपने निवास परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री साय ने सभी रामभक्त 6 समितियों को शॉल, श्रीफल और श्री रामलला की धातु की मूर्ति भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे प्रभु श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के अंतर्गत सभी 6 समितियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी समितियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजित होने के साथ ही रामभक्तों की 500 सालों की मनोकामना पूर्ण हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि प्रभु श्रीराम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ है और हम भांचा के रूप में श्री राम को पूजते हैं। इस अवसर पर विधायक और अयोध्या दर्शन समिति के संयोजक धरम लाल कौशिक ने सभी समितियों की सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान की बात है कि सभी 6 समितियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ रामभक्तों की सेवा की है। इस दौरान अयोध्या दर्शन समिति के सदस्य विधायक संपत लाल अग्रवाल और विरेंद्र श्रीवास्तव के साथ ही लक्ष्मी वर्मा, रामलखन पैंकरा एवं ललित माखीजा मौजूद थे।

■ रामभक्तों की सेवा से छत्तीसगढ़ हुआ धन्य

# चुनाव में हार पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की राज्य में हुई हार की समीक्षा करने शुक्रवार को कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली रायपुर आएंगे। वे यहां पर नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। रायपुर पहुंचने के बाद वे रायपुर, महासमुंद लोकसभा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी से मिलेंगे। पांच दिन के दौरे में वे बिलासपुर और कांकेर भी जाएंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया गया है कि जिन राज्यों के चुनाव परिणाम विपरीत आये हैं, वहां केंद्रीय पर्यवेक्षक आकर समीक्षा करेंगे। इसी क्रम में एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ के लिए वीरप्पा मोइली और राहुल उपाध्याय को नियुक्त किया है। यहां पर लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर हार के कारणों की जानकारी लेने वे सभी संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। 28 जून से 1 जुलाई तक राज्य के जिलों का दौरा कर पूरे 11 लोकसभा के संबंध में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं से चर्चा करेंगे। बताया जाता है कि रायपुर कांग्रेस मुख्यालय में रायपुर, महासमुंद, दुर्ग और राजनांदगांव लोकसभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी राय लेंगे। कांकेर में बस्तर और कांकेर लोकसभा के संबंध में जानकारी वहां के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से लेंगे। साथ ही बिलासपुर जिले का दौरा कर वहां बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा लोकसभा में हार के प्रमुख कारणों को जानने का प्रयास करेंगे।

# खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अब शहीद वीर नारायण के नाम पर, अफसर भी बदला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदलकर शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा था। राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने कहा है, यह लोकतंत्र के लिए स्वस्थ परंपरा नहीं है। राज्य में सरकार बदलने के बाद पहले भी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के नाम बदले जाते रहे हैं। इस बार भी राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने की प्रक्रिया अभी शुरू हुई है, लेकिन ताजा मामले को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री रहे श्री सिंहदेव का कहना है कि नाम बदलने का फैसला खूबचंद बघेल का अनादर है।

## आवेदनों को पंजीबद्ध कर लोगों को दिया गया टोकन, निपटारा करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने बड़े ही अपनत्व भाव से सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से ही शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने की इच्छा गुरुवार को जनदर्शन में पूरी होती दिखी। मुख्यमंत्री ने राज्य में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए नये सिरे से जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के दूर-दराज से आए हजारों लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। बड़े ही अपनत्व भाव से उन्होंने आम जनमानस की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए। यहां पर आए लोगों का स्वागत फूल माला और टीका लगाकर किया गया।

मुख्यमंत्री जनदर्शन का पहला कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने आवेदनों और समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। जनदर्शन का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित था, परन्तु कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसामान्य की मौजूदगी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने न सिर्फ जनदर्शन कार्यक्रम की निर्धारित समयावधि को बढ़ाया, बल्कि स्वयं कार्यक्रम में यह बात कही कि लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, यहां आए प्रत्येक व्यक्ति से वह मिलेंगे और उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुनेंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक ओर जहां विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के समुचित इलाज और मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश देते दिखे, वहीं दिव्यांग और निशक्तजनों के बीच पहुंचकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनी, बल्कि उन्हें आवश्यक उपकरण, ट्राइसायकल आदि की सौगातें दीं। भारी उमस और गर्मी के बावजूद भी जनदर्शन स्थल लोगों से ठसाठस भरा था। मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी देने के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। जनदर्शन में मिले सभी आवेदनों को पंजीबद्ध किया गया है और आवेदन देने वाले लोगों को टोकन भी दिया गया है।

### मनीराम को तत्काल मिला दिव्यांग प्रमाणपत्र

धरसींवा निवासी मनीराम देवांगन का चार महीने पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसमें इनका पैर काटना पड़ गया था। वे पिछले एक महीने से दिव्यांग प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे थे, लेकिन उनके आवेदन पर कारवाई नहीं हो सकी थी। मुख्यमंत्री जनदर्शन की जानकारी होने पर उन्होंने उनको इस संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को उनका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। एक घंटे के भीतर मनीराम के हाथ में दिव्यांगता प्रमाणपत्र आ गया। मनीराम ने खुशी जताते हुए कहा, दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बाद वो शासन की दिव्यांगजनों के लिए दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। साथ ही वह कृत्रिम पैर भी लगा पाएगा।

### दमयंती जाएगी जापान, मुख्यमंत्री ने कहा- सामान पैक कर लीजिए, हम भेजेंगे

राजनांदगांव से आई दमयंती सोनी छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी महिला हैं, जो फर्राटे से जेसीबी चलाती हैं। देशभर के एक्सपो में इन्हें भाग लेने के लिए बुलाया जाता है। ऐसे ही जापान से इन्हें बुलावा आया है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों की वजह से एक्सपो में शामिल नहीं हो पा रही।

### कुछ ऐसे आवेदन

- दिव्यांग बलराम और रोहित को मिली ट्रायसाइकिल

जनदर्शन कार्यक्रम में बलराम और रोहित को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों आईस बॉक्स युक्त ट्रायसाइकिल की सौगात मिली। परसबोड़, जिला बेमेतरा के दिव्यांग बलराम और भोथीडीह जिला बेमेतरा के दिव्यांग रोहित मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे थे।

-जीएनएम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नर्सिंग प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार बीएड प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों और बस्तर संभाग से आए शिक्षकों ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री से महाविद्यालय अतिथि व्याख्याताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन, अनियमित कर्मचारी महासंघ ने भी ज्ञापन सौंपा।

- ममता निर्मलकर ने मुख्यमंत्री से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का आग्रह किया।
- धमतरी निवासी अमित सोनी के ब्रेन सर्जरी के लिए मुख्यमंत्री ने डेढ़ लाख रुपए की मंजूरी देने के साथ ही वर्षा चांदवानी के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम उमेश ने कुष्ठ सर्वेक्षण का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान के तहत एसडीएम उमेश साहू द्वारा ग्राम खट्टी में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वयं सर्वे कर लोगों से जानकारी ली। ज्ञात है कि कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कुष्ठ मुक्ति जांच अभियान, सिकल सेल एनीमिया, लकवा, कुष्ठ रोग आदि से ग्रसित लोगों की पहचान के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसी तरह बागबाहरा, पिथौरा एवं अन्य ब्लॉक में भी अभियान जारी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दी है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बम्हनी की मृतका सेजल साहू, ग्राम लभराखुर्द के मृतक गौरिषी सांवरा तथा पिथौरा विकासखंड के ग्राम बंजारीडीपा के मृतक विकास भोई एवं ग्राम अरंड के मृतक प्रदीप ध्रुव के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम तुमाडबरी की मृतका थनवारिन ध्रुव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## शासकीय दफ्तर में समस्या निवारण शिविर लगाकर डॉ. चोपड़ा ने सरकार को कटघरे में लाया : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर

■ डा. चोपड़ा समझ चुके कि सरकार को जनहित के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं



ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में विष्णु सरकार के भ्रष्टाचार व प्रशासनिक निरंकुशता का आलम यह है कि आज सप्ताह में एक दिन टेबल-कुर्सी लगाकर भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा को स्वयं एसडीएम दफ्तर में बैठना पड़ रहा है। उनके इस कार्य से यह तो स्पष्ट हो रहा है कि उन्हें अपने सरकार की कार्यक्षमता पर भरोसा नहीं है तथा उनके द्वारा उठाए गए इस कदम से जनता यह समझ चुकी है, कि प्रदेश में साय सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं रहा, तभी तो सत्ता दल के नेता द्वारा शासकीय दफ्तर में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर स्वयं उसका समाधान कराकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा शासकीय दफ्तर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर अपने ही सरकार पर जो प्रश्नचिन्ह खड़ा किया गया है, वह काबिले तारीफ है। डॉ चोपड़ा भाजपा के 6 माह के कार्यकाल में यह समझ चुके हैं कि इस सरकार में केवल चहुंओर भ्रष्टाचार का आलम है? जनता की समस्याओं, परेशानियों तथा जनहित के मुद्दों से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। सरकार के तमाम मंत्री व चुने हुए जनप्रतिनिधि अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं। इसलिए वे स्वयं जनता की समस्याओं का निराकरण करने निकल पड़े हैं।

## नाकामियों को छुपाने विधायक चातुरी का अनशन, कांग्रेस सरकार ने नहीं बनाया गौरव पथ, बिजली भी रही लचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विधायक के आमरण अनशन को लेकर

■ विधायक ने की झूठी शिकायत



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद का बिजली कटौती और गौरव पथ को लेकर अनशन पर बैठना अपनी और विगत पांच साल के कांग्रेस सरकार की नाकामियों को छुपाने का कृत्य निरुपित किया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में सरप्लस 24 घंटे बिजली मिलती थी। परंतु, जब 2018 में कांग्रेस की भूपेश सरकार में आने के बाद बिजली बिल हाफ का नारा दिया गया। परंतु, बिजली बिल हाफ न होकर बिजली को ही हाफ कर दिया। गौरव पथ सरायपाली नगर की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लगभग 42 लाख की स्वीकृति दी थी। सत्ता परिवर्तन के बाद भूपेश सरकार इसे पांच सालों तक रोके रही। पुनः छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने पर यह गौरव पथ का निर्माण कार्य शुरू हो पाया है, जिसे झूठी शिकायत कर निष्क्रिय विधायक सरायपाली के विकास कार्य में बाधा डालने का काम कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार पेयजल की व्यवस्था के लिए हर पंचायत में 1 से 3 करोड़ रुपए दी गई है। साथ ही गरीबों के आवास के लिए प्रधानमंत्री आवास के तहत 18 लाख आवास की राशि भी दी गई थी। परंतु, कांग्रेस सरकार मोदी का नाम हो जाएगा कर इसे भी अटकाती और लटकाई रही और 18 लाख आवास के राशि को वापस केंद्र सरकार को भेज दिया गया।

## चेतावनी: 15 दिन में समस्याओं का निराकरण नहीं तो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

# गौरव पथ में भ्रष्टाचार, अघोषित बिजली कटौती, अमृत मिशन में लेटलतीफी को लेकर भूख हड़ताल में बैठी विधायक चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रहे गुणवत्ताहीन कार्य, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती और अमृत जल जीवन मिशन के कार्य में हो रही लेटलतीफी को लेकर विधायक चातुरी नंद शुक्रवार को एक दिवसीय अनशन किया। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 41 करोड़ रुपए से स्वीकृत ये गौरव पथ आज भ्रष्टाचार पथ बन गया है। ठेकेदार और नगर पालिका के अधिकारियों के मनमानी से पूरा शहर हलाकान हो चुका है।

उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर भारी अनियमितता बरती जा रही है, नाली नहीं ढंकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है। गौरव पथ के डिवाइडर की ऊंचाई कम करके जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विधायक नंद ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मोहनमुड़ा, मोहदा समेत कई गांवों में 8 से 10 दिनों से बिजली बंद है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी नींद में सोए हुए है। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने कांग्रेस शासनकाल में अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। परंतु, अब तक काम शुरू नहीं हो पा रहा है, जिससे आमजन परेशान है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लीला कांत पटेल, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जिला महामंत्री जयंत चौधरी, सरायपाली ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, भंवरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, रिमजी सरपंच साधराम पटेल, अरजुंडा सरपंच चित्रसेन बीसी, गोपाल अग्रवाल, शंभू चौहान, पिंगल गार्डिया, शुरू पाणिग्रही, पार्षद सुरेश भोई, मोहम्मद शाहिद, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, एनएसयूआई अध्यक्ष भीष्म पटेल, दीपक साहू, पंकज पटेल, पूजा तिवारी, हेमा श्रीवास, तन्मय पंडा, रमेश पटेल, घसिया सिदार, पदमलोचन पटेल, महेंद्र वैष्णव, श्रवण पटेल, संतलाल बारीक, फिरोज खान, श्रीराम मानिकपुरी, तिरिथ बाई मानिकपुरी, क्षमानिधि साहू, सत्या भोई, नरेंद्र साहू, रामदयाल पटेल, प्रभात पटेल, मनोज पटेल, नीलांबर सोनी, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कमला साहू, बबलू पटेल, मोहसिन मेमन, करण पटेल, भोजराम साहू, नसीब खान, आरिफ अली पिंकी, केशव अग्रवाल, रोशन नाग, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतलाल बारिक और आभार प्रदर्शन अमृत पटेल ने किया।




**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

विधायक चातुरी नंद ने मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने गौरव पथ निर्माण की जांच राज्य स्तर की टीम से कराने, अघोषित बिजली कटौती बंद करने और बिगड़े ट्रांसफार्मर को सुधारने, ट्रांसफार्मर लगाने और अमृत जल जीवन मिशन के काम को जल्द शुरू करने संबंधी मांग पत्र सौंपा।




**चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया समर्थन**

भूख हड़ताल में बैठी क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद का छग चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी समर्थन दिया। उन्होंने विधायक के मांगों को जायज बताते हुए जल्द ही उसके निराकरण करने की बात कही।

### 15 दिवस के अल्टीमेटम

विधायक चातुरी नंद ने शासन प्रशासन को 15 दिवस के भीतर समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करने का अल्टीमेटम दिया है।

### डिलीवरी ब्वॉय से एक लाख के मोबाइल लूटे

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक ऑनलाइन मोबाइल कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की चार नग मोबाइल लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टिकरापारा निवासी सूरज कुमार साहनी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि वह राजेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति को मोबाइल डिलीवरी देने के लिए कुरुद गया था। कॉल करने पर उसे गोठान के पास बुलाया। गोठान पहुंचने के बाद तीन बाइक सवार लड़के मौके पर पहुंचे और सूरज को उन लोगों ने मोबाइल मंगाने की बात कहते हुए पैसे देने में आनलाइन पेमेंट का झांसा देकर रोके रहे। देर तक पैसे नहीं मिलने पर सूरज जाने लगा तो बदमाश सूरज के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए।

### मारपीट कर नशेड़ियों ने दोपहिया लूटी, फरार

**रायपुर।** पंडरी थाना में एक युवक ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नशे की हालत में मारपीट कर उसकी दोपहिया लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलतः महासमुंद निवासी भुनेश्वर विश्वकर्मा ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि वह कचना में एक अपार्टमेंट में रहता है और प्राइवेट नौकरी करता है।

## बाबा गंधेश्वरनाथ को अग्रवाल परिवार ने भेंट किया मुकुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव को सरायपाली के अग्रवाल परिवार ने करीब 1 किलो चांदी से बने मुकुट अर्पण किया। बाबा गंधेश्वर नाथ के लिए जयपुर के कारीगरों से मुकुट तैयार करवाया गया है। गुरुवार 27 जून को दोपहर 12 बजे के आसपास साजन अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल ने परिवार सहित पूजन किया और मुकुट भेंट की।



पुजारी अमन, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर गंधेश्वर नाथ ट्रस्ट कमेटी द्वारा अग्रवाल परिवार का गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साजन अग्रवाल ने उपस्थितजनों से कहा कि इस मंदिर से वे बोल बम समिति के संस्थापक सदस्य स्व. उमेश शर्मा के माध्यम से जुड़े हैं। प्रतिवर्ष उनका परिवार सावन पूर्णिमा को दर्शन करने पहुंचने का प्रयास करता है और पूजन विधान में शामिल भी होते हैं। मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊ लाल चंद्राकर ने अग्रवाल परिवार के सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। इस मौके पर अग्रवाल परिवार से प्रमुख रूप से भोजराम अग्रवाल, सुगंध बालोदिया बरगढ़, मुकेश अग्रवाल झलप, पायल अग्रवाल, आरती अग्रवाल और ट्रस्ट कमेटी के मंगलू ढीमर, मोहन वर्मा, शशि शर्मा, सुखीराम हिरवानी, बाबूलाल ध्रुव, आरएस माली, थनवार यादव, बोल बम समिति के बाबूलाल साहू, दुलरवा धीवर मौजूद थे।

### होटल में चोरी, पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में होटल में चोरी के आरोप में पुलिस ने एक पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की पुलिस पतासाजी करने में जुटी हुई है। माना पीटीएस चौक में संचालित फूड कास्ट होटल के मैनेजर केजे थामस की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के आरोप में तेलीबांधा निवासी टिकेश्वर जांगड़े को गिरफ्तार किया है। टिकेश्वर का एक अन्य साथी तुषार जांगड़े फरार है। पुलिस ने टिकेश्वर के कब्जे से कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए हैं।

## युवाओं को भर्ती प्रक्रिया और शारीरिक मापदंड की दी जानकारी

**बसना।** विकासखंड मुख्यालय बसना के आत्मानंद विद्यालय प्रांगण में कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार अग्निवीर वायु सेना का पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

एओ लारी उप संचालक रोजगार द्वारा कैरियर गाइडेंस पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान भारतीय वायु सेना के सार्जेंट आनंद राज एवं कार्पोरेट रोहित शर्मा के द्वारा अग्निवीर वायु सेना के विभिन्न विभागों की जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित सभी युवकों को भर्ती प्रक्रिया, मिलने वाले लाभ, शारीरिक मापदण्ड आदि विषयक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वायु सेना में जुड़कर जीवन को कैसे अनुशासित एवं गौरवशाली बनाया जा सकता है। साथ ही प्रश्नोत्तरी और पुरस्कार के माध्यम से युवाओं को प्रेरित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।



कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, सेजेस बसना के प्राचार्य खिरोद्र पुरोहित, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खे प्राचार्य एसके पटेल, बलदेव मिश्रा, गजानन भोई, पीटीआई इमरान दयाला, दुर्योधन पटेल, भूपेन्द्र प्रधान, घनश्याम पटेल, अरुण कुजुर, रुपधर पटेल विभिन्न स्कूलों के शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एसके कर ने किया।

## पार्किंग के लिए जगह, स्थाई व अस्थाई दुकानदारों को पालिका की चेतावनी

### नगर पालिका ने निरीक्षण कर दुकानदारों और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के गोल बाजार और मुख्य मार्ग के किनारे स्थाई और अस्थाई रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदार बाहर लोहे के विज्ञापन बोर्ड, ब्रिकी करने वाले सामान, कुर्सी आदि रखकर फुटपाथ के हिस्से को घेर कर यातायात को बाधित कर रहें हैं। इस तरह से यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर फुटफाथ पर किए जा रहे कब्जे को रोकने तथा दुकानों के सामने पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने शुक्रवार को नगर पालिका के कर्मचारी शहर के व्यवसायिक मार्ग, अहिंसा द्वारा से गांधी चौक तथा नेहरू चौक से बरोंडा चौक तक दुकानदारों को अपने दुकान के बाहर अनाधिकृत रूप से लगा रखे विज्ञापन बोर्ड एवं सामान को अंदर रखने की समझाइश दी। इस संबंध में अतिक्रमण प्रभारी ललित चंद्राकर ने बताया कि बाजार जाने वाले मुख्य सड़क के दुकानदारों द्वारा अपने दुकान से बाहर सामान को रख कर सड़क में जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। इसके अलावा दुकान में आने वाले लोगों को मोटर साइकिल आदि खड़ा करने की जगह नहीं मिलता।






जिसके कारण सभी सड़क पर अपने बाइक को खड़ी कर देते हैं। जिससे मुख्य सड़क में लोगों को पार होना भी मुश्किल होता है। इस वजह से सड़क में समान रख कर अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को चेतावनी दी गई। आगे से किसी प्रकार दुकान का समान दुकान के दायरे से बाहर रखेगा तो उन पर निश्चित रुप से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के भविष्य गढ़ने में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान : परदेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में चल रहे प्रवेश उत्सव के अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला चिंगरौद में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर तथा उनका मुंह मीठा कराकर नवीन कक्षा में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि परदेशी राम साहू ने किया। प्रेरणात्मक उद्बोधन में उन्होंने बच्चों से कहा कि आज के यह बच्चे कल के भविष्य के राष्ट्र निर्माता कहे जाते हैं। बच्चों के भविष्य गढ़ने में एक शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षक एक ज्ञान रूपी दीपक की तरह होता है, जो स्वयं जलकर दूसरों को ज्ञानरुपी प्रकाश से उसके भविष्य को उज्जवल बनाने में उसकी मदद करता है। लेकिन, आज के दौर में उन शिक्षकों को कई लोग अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते व बदनाम करने के लिए तत्पर रहते हैं। आखिर वे भूल जाते हैं कि उनको भी किसी गुरु के माध्यम से शिक्षा का सबब पढ़ाया होगा। उन्होंने एक्लव्य का उदाहरण देते हुए बच्चों व गणमान्य लोगों से कहा कि अपने जीवन में कभी भी गुरुओं का अनादर न करें। इसी कड़ी में प्रभारी प्रधान पाठक गणेश राम चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक का दायित्व ही होता है। बच्चों को समुचित ज्ञान के साथ-साथ नैतिक व व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना, जिससे बच्चे अपना बौद्धिक क्षमता का विकास कर पाता है। उद्बोधन की इसी कड़ी में शिक्षक योगेश कुमार मधुकर ने कहा कि जिस प्रकार एक भूखे व्यक्ति को कितना भूख लग रहा है उसकी भूख की पड़ताल करने के लिए स्वयं को भूखा रहना पड़ता है। ठीक उसी प्रकार एक विद्यार्थी को ज्ञानवान बनाने के लिए स्वयं को उस विषय में ज्ञानवान और पारंगत होना अनिवार्य होता है। जिस ज्ञान को पाकर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाता है। कार्यक्रम में पोखन लाल चंद्राकर व डीगेश कुमार ध्रुव ने भी बच्चों को सदैव अग्रसर होने की शुभकामना दी। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पालकगणों में कार्तिक राम निषाद, गैंदराम पटेल एवम् किसुन साहू सहित सभी बच्चे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मध्यान भोजन अंतर्गत न्योता भोज भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार मधुकर ने किया एवं आभार प्रदर्शन पोखनलाल चंद्राकर ने किया।




## बच्चों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य व शिक्षा पर शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट आवासीय विद्यालय बेलसोंडा में पेरेंट्स परामर्श व बाल मनोसामाजिक देखभाल शिविर का आयोजन किया गया। नए सत्र के प्रारम्भ में बच्चों को स्वागत कर इस शिविर में बच्चों को बारी बारी से बुला कर मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। साथ ही पेरेंट्स का मीटिंग भी रखा गया। जिसमें बालक के मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। उनके व्यवहार, दिनचर्या, रूचि गत कार्य, पढ़ाई लिखाई संबंधित समस्याओं का आदान-प्रदान किया गया। स्कूल में पढ़ाई छोड़ कर चले जाते है, ऐसे समस्याओं को भी परिचर्चा की गई। बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बच्चों को तनाव को कम करने के लिए योग चिकित्सा, ध्यान, बलून के माध्यम से ब्रिथिन एकसर साइज से रूबरू कराया गया। साथ ही शिक्षक को भी प्रशिक्षत किया गया, कि ऐसे विषम परिस्थितियों में बच्चों को प्रेम पूर्वक समझा सके। शिविर में लगभग 65 बच्चों और पेरेंट्स शामिल हुए। इसमें मेडिकल कालेज सह डिर्सट्रिक्ट हॉस्पिटल से रामगोपाल खूंटे, देवकुमार ड़ड़सेना योग प्रशिक्षक का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### योग दिवस पर पोस्टर स्पर्धा, मधु रही प्रथम

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के छात्राओं द्वारा प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में एनएसएस प्रभारी मधुमति चंद्राकर द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर का शीर्षक था "करो योग, रहो निरोग"। जिसमें मधु विश्वकर्मा प्रथम, दीक्षा द्वितीय, गीतांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। योगाभ्यास द्वारा विभिन्न आसन प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में गाइड के बच्चे भी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक जीआर साहू, शिक्षिका लता वैष्णव, नोबेल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।



### तारक के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**तेंदूकोना।** साल्हेभांठा (तेंदूकोना) निवासी अनाथराम तारक (78) का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। जिनमें ग्रामीणों सहित पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा के सदस्य भी उपस्थित रहे। शाम को निवास स्थान में पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा के सदस्यों द्वारा मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी गई व दो मिनट मौन रखकर शांति प्रार्थना की गई। इस दौरान रूपेश तिवारी, भूषण साहू, रामजी प्रसाद पांडेय, हीराधर सिंह सोम, कुंजलाल दीवान, शिव दीवान, कृष्णचंद्र ध्रुव, चंद्रभान कश्यप, बैरगदास वैष्णव, चमन दास साहू आदि उपस्थित रहे।

**जागरुकता:** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा-नया कानून दंड से न्याय की ओर पर केंद्रित

# नए कानूनों की जानकारी आवश्यकः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 1 जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होंगे प्रभावी

कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों एवं पुलिस को नवीन कानूनों के संबंध में जागरूकता के लिए जानकारी दी गई। कलेक्टर मलिक ने कहा कि 01 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। पुराने कानून को प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से दंड से न्याय की ओर की भावना को ध्यान में रखते हुए सबके मानव अधिकारों का भी ध्यान रखा गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। 7 वर्ष से ज्यादा सजा की अवधि के अपराधों में न्याय दल गठित किया जाएगा तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बाद विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर आपराधिक मामलों में तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नए कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है

कार्यशाला में उप संचालक लोक अभियोजन आशीष कुमार सिन्हा एवं सहायक संचालक लोक अभियोजन घनश्याम पांडेय ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से नए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। ज्यादातर अपराधों में समय पर चालान पेश होते हैं। उन्होंने बताया कि 90 दिवस से ज्यादा होने पर विवेचक को इसके संबंध में कारण बताना होगा और विवेचक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले, एसडीओपी सारिका वैद्य सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की 167 धाराओं के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 170 धारायें है एवं 11 अध्याय के स्थान पर 12 अध्याय है। इसके अंतर्गत 45 से अधिक बड़े और छोटे बदलाव किए गए है। कुल 24 प्रावधानों में संशोधन किए गए है। कुल 2 नयी धाराएं और 10 नयी उपधाराएं जोड़ी गई हैं। कुल 5 नये स्पष्टीकरण जोड़े गए है। कुल 1 नया प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 11 धाराएं और उपराधाएं हटा दी गई हैं। कुल 5 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। एक दृष्टांत हटा दिया गया है। एक अनुसूची जोड़ी गई है।



### धाराओं में किया गया बदलाव

उल्लेखनीय है कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं है तथा 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 अंतर्गत संशोधन करते हुए 190 से अधिक छोटे एवं बड़े बदलाव किए गए हैं। 41 अपराधों में सजा बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में अर्थदण्ड की सजा बढ़ाई गई है। कुल 33 अपराधों में कारावासों की सजा बढ़ाई गई है। वही 6 अपराधों में सजा के रूप में सामुदायिक सेवा लायी गई है। भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत सामुदायिक सेवा को भी दंड के प्रकार के रूप में शामिल किया गया है।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की 484 धाराओं के स्थान पर अब 531 धाराएं हैं तथा 37 अध्याय के स्थान पर 39 अध्याय है। इसके अंतर्गत 360 से अधिक बड़े एवं छोटे बदलाव पेश किए गए है। 9 अनुभाग जोड़े गए हैं। कुल 39 नये उप अनुभाग जोड़े गए हैं तथा कुल 49 प्रावधान स्पष्टीकरण जोड़े गए है। 39 स्थानों पर ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम शुरू किए गए है। 45 प्रावधानों में समय सीमा का उल्लेख किया गया है तथा पुरानी प्रक्रिया संहिता के कुल 15 प्रावधान हटाए गए हैं। इसके अंतर्गत 3 वर्ष से कम के अपराध में तथा 60 वर्ष से ज्यादा के अपराधी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की पूर्व अनुमति से गिरफ्तारी की शुरूआत की गई है। 15 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक अथवा मानसिक एवं शारीरिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों को थाने में नहीं बुलाया जा सकेगा।

## वन स्थाई समिति के विधायक प्रतिनिधि बने राजेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव समाप्ति पश्चात छत्तीसगढ़ से समस्त विधायकों द्वारा अपने-अपने जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को विभागीय सदस्य प्रतिनिधि सौंपने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। इसी तारतम्य में खल्लारी विधानसभा विधायक द्वारकाधीश यादव द्वारा राजेश सिन्हा पिता खेमनाथ सिन्हा को वन स्थाई समिति जिला महासमुंद का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस दौरान भूपेंद्र सिंह ठाकुर शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बागबाहरा, सरपंच ग्राम पंचायत पोटिया द्वारिका सिन्हा, सिन्हा समाज मंडलेश्वर दानेश्वर प्रसाद सिन्हा, सिन्हा समाज संरक्षक शेखर सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सिन्हा समाज विनोद सिन्हा, जिला अध्यक्ष युवा मंच सिन्हा समाज दौलत सिन्हा, परमेश्वर डडसेना शहर अध्यक्ष सिन्हा सहित शाहजान पाशा उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल में महिला सुरक्षा में विफल साबित हो रही ममता बनर्जी, कूचबिहार जिले की घटना शर्मनाकः सुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- बार-बार महिलाओं के सम्मान को रौंदा जा रहा, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

बंगाल के कूचबिहार जिले में तृणमुल कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य को निर्वस्त्र कर उसके साथ मारपीट किए जाने की घटना को भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने बेहद शर्मनाक घटना बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कड़ी निंदा की और इस कृत्य को मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध बताते हुए ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की है।



श्रीमती साहू ने कहा कि इससे पूर्व भी पश्चिम बंगाल में टीएमसी कार्यकर्ताओं, नेताओं द्वारा महिलाओं के सम्मान को कई बार ठेस पहुंचाया गया है। बार-बार महिलाओं के साथ अक्षम्य अपराध जैसी घटनाएं पश्चिम बंगाल में हो रही है। लेकिन, एक महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिलाओं के सम्मान की रक्षा नहीं कर पा रही है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं को खुली छूट दे रखी है कि महिलाओं को जब चाहे बेईज्जत करो, उनका अपमान करो, उन्हें निर्वस्त्र करो। उन पर कोई कार्रवाई नहीं होने वाली। साहू ने कहा कि 25 जून को महिला से महज इसलिए मारपीट कर उसे निर्वस्त्र किया गया कि वह भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता है। आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में पश्चिम बंगाल में महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ना जाने कब और कहां टीएमसी नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा किस महिला के साथ गंभीर अपराध को अंजाम दे दिया जाए कह नहीं सकते। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं, इसके लिए उन्हें नैतिकता के नाते मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। साथ ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को इस मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए।

## विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण हुआ



**बसना।** विकासखंड बसना में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसमें विकासखंड के सहायक शिक्षक व प्रधान पाठक दक्ष हुए। ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन का लक्ष्य जो 5 करोड़ बच्चे बुनयदि शिक्षा से छूट गए है, जिन्हें पारंगत करना है। राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 का भी यही उद्देश्य है। यह लक्ष्य को 2026 तक अनिवार्य रूप से हासिल करना है। गढ़फुलझर जोन के मास्टर ट्रेनर शरण कुमार दास, अमित कुमार भोई, प्रफुल कुमार साव रहे। यह ट्रेनिंग अविस्मरीय रहा है। तीनों बेच टेमरी जोन में वारिश कुमार, शिव कुमार साहू, प्रकाश सिदार, डीआरजी विकासखंड के जामदरहा जोन के डीजेंद्र कुर्रे, सालिक राम टंडन, त्रिलोचन पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, ललित देवता बीआरसीसी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोलहे, लोकेश्वर सिंह कंवर, विनोद कुमार शुक्ला आदि मौजूद

## नर्रा में आयुष्मान आरोग्य उपस्वास्थ्य केंद्र का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्राम पंचायत नर्रा में लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रवेंद्र कुमार दिवाकर रहे। विशिष्ट अतिथि कोमाखान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, सरपंच गोपाल किशन पटेल रहे। इस दौरान पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में नए उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हुई। लोगों को अब प्राथमिक उपचार और सामान्य प्रसव के लिए कही दूर जाना नही



पड़ेगा। संतोष पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ साथ, बीपी, शुगर के मरीजों को अब गांव में ही इलाज की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ विजय शंकर निगम, पीआर यदु, दुकालुराम पटेल, उषा निगम, रूपेंद्र साहू, आशीष गुप्ता, सचिव घनश्याम दीवान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के आरएमए मोनिका चंद्राकर, आशुतोष बंजारे, सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश साहू, सोनिका दास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के आरएचओ डिलेश्वरी परमार, डिगेन्द्र परमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राधा कृष्ण मंदिर के पास गुरुवार 27 जून को महिला समूह द्वारा पांच घंटे अखंड दुर्गा चालीसा का आयोजन किया गया। रीना चंद्राकर ने कहा कि नशामुक्त, मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लिए पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसमें दिलीप सेन, अन्नू, नीलकंठ चंद्राकर, रंजित चंद्राकर, परशुराम यादव, राधे निर्मलकर, लता चंद्राकर, लक्ष्मी चंद धीवर, राजू सेन, लोचन चंद्राकर, भीखम यादव, गोलू चंद्राकर, तनु निर्मलकर, हीराबाई चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, गीता चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव एवं जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्राही द्वारा विधानसभा स्तरीय लोकसभा चुनाव की समीक्षा एवं पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में बैठक हुई। जिसमें सरायपाली विधानसभा कोर ग्रुप के समस्त सदस्य, विधानसभा प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, वरिष्ठ भॉजपा नेता छत्तर सिंह नायक, वरिष्ठ



जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा, नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक, विजय प्रधान, मंत्री प्रधान, मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, संजय डडसेना, विद्या चौधरी, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, बंशी चंद्रा, प्रमोद सागर, आशीष दास, रविंद्र पंडा, अख्तर, मुरली नायक, मीडिया प्रभारी विदित धनानिया शामिल रहे।

### आशीबाई स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद महेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जीआर सिन्हा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन तथा समय पालन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने विगत सत्र में विद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त किए गए उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए नवीन सत्र में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन विवेक रहटगांवकर ने किया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा करा कर तथा पुस्तकें प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल मन्नाडे, संजय मांझी, पुराणिक डड़सेना, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, खेमलता कंवर, अनिता साहू, तपस्या शर्मा, आशीष देवांगन, देवेंद्र कुमार शर्मा, खोमन चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, निधी तिवारी, नोबल ध्रुव, मधुमति चंद्राकर, बेला मारू, छाया रंगारी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

### विधायक ने ली व्यायाम शिक्षकों की बैठक

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने गुरुवार को विधायक कार्यालय में जिलेभर के शासकीय स्कूलों में पदस्थ व्यायाम शिक्षकों की बैठक ली। इस दौरान स्कूल में हो रहे और आगामी दिनों में होने वाली खेल गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान रमेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, अंजलि बरमाल व जिलेभर के व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान विधायक सिन्हा ने अधिकारियों और व्यायाम शिक्षकों से स्कूलों में खेल मैदान, खेल सामग्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खेल के लिए पहले मैदान आवश्यक है। कई स्कूलों में मैदान नहीं है तो आसपास बड़े मैदान की व्यवस्था कर खेल गतिविधियां संचालित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जहां बड़े खेल मैदान हैं, वहां प्रतिदिन कितने खेल हो रहे हैं और बच्चें अभ्यास कर रहे हैं कि नहीं इसकी जानकारी भी ली। इसके अलावा स्कूलों में खेल सामग्री के संबंध में भी व्यायाम शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने व्यायाम शिक्षकों से खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही व्यायाम शिक्षकों से उनके संस्था में खेल सामग्रियों की कमी संबंधी जानकारी भी लेते हुए कमियों को दूर करने की बात कही। कुछ स्कूलों से सामग्री और मैदान समतलीकरण संबंधी मांग रखी गई, जिस पर विधायक ने मांग जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## रथयात्रा को लेकर उत्कल गांडा समाज की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उत्कल गांडा समाज के युवाओं द्वारा विभिन्न वार्डों में निवासरत समाज के लोगों के बीच जाकर बैठक कर आगामी रथ यात्रा पर्व धूमधाम से मनाने एवं सभी उत्कल समाज के लोग पूरे परिवार के साथ रथ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। जिसके तहत अब तक छिपिया पारा उत्कल बस्ती, सुभाष नगर संतोषी मंदिर व शिव मंदिर चौक में मांदी क्रमांक 1 एवं 2 में बैठक हुई। बैठक में उत्कल गांडा समाज के लोगो में कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित दिखे।



बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद व समाज प्रमुख बबलू हरपाल, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिक्का, सूरज नायक, दशरथ महानंद, दीपक नायक, सुरेंद्र महानंद, सुनील नायक, जगन्नाथ छुरा, रविंद्र महानंद, सुदर्शन कुमार, मनोज कुलदीप, विक्की महानंद, कन्हैया नायक, बबलू नायक, रिंकू महानंद, चर्तुभुज कुमार, प्रकाश बाघ, मालो बघेल, घनश्याम नायक, बैजल भारती, त्रिनाथ छुरा, हेमसागर कुमार, तुलसी कुमार, महतो जगत, दारासिंग क्षत्री, किशोरी, राजू कुलदीप, तुलसी कुलदीप, कार्तिक कुलदीप, गजानंद कुलदीप, जमर, शत्रुघन कुमार, लोचन बाघ, आशीष सिक्का, राहुल कुमार, ललित तरुण कुमार, अंशुल भारती, रघु बाघ, जुशील, सोनू छुरा, छोटू जगत, बेलो बघेल, जानकी, सरस्वती, पायलो, मालती, पुष्पा, गीता, पुइनो, सोनिया महानंद, मालती, मूठे सिक्का मौजूद रहे।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969